कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
गंगा पम्प नहर प्रमंडल, मुंगेर

(E-mail :- eegpcdivsurajgarha@gmail.com)

पत्रांकः–........./ मुंगेर दिनांकः– /09/2026

निलामी सूचना सं0– 01/2026–2027

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, भागलपुर के पत्रांक 1705 दिनांक 02.07.2024 के निदेश एवं बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (1)(ख) के आलोक में गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, मुंगेर के कार्यालय में वर्षों से अनुपयोगी एवं टूटे–फूटे यंत्र–संयंत्रों एवं उपस्करों का सार्वजनिक निलामी किया जाना है।

इन सामग्रियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक नीलामी "जैसे है उसी स्वरूप में" के आधार पर दिनांक 26.09.2026 को 11:30 बजे पूर्वाहन में गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, मुंगेर के कार्यालय में की जाएगी।

जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र0 स0	प्रमंडलाधीन अनुपयोगी यंत्रों/संयंत्रों/उपस्करों का नाम एवं संख्या	ग्रुप सं0	निलामी की न्यूनतम बोली (रूपये में)	सुरक्षित जमा राशि (रूपये में)	निलामी की तिथि
1	2	3	4	5	6
1	प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार	ग्रुप सं0–1	1,162.00	300.00	19.09.2026
2	प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार	ग्रुप सं0–2	2,49,133.00	49900.00	19.09.2026
3	प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार	ग्रुप सं0–4	1,83,053.00	36700.00	19.09.2026
4	प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार	ग्रुप सं0–5	1,785.00	400.00	19.09.2026
5	प्रमंडलीय सूचनापट्ट एवं परिशिष्ट 1 में संलग्न सूची के अनुसार	ग्रुप सं0–6	230912.00	47000.00	19.09.2026

नीलामी की शर्तें:–

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 11.09.2026 से दिनांक 26.09.2026 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रों/संयंत्रों/उपस्करों की सूची देख सकते है।
2. सभी यंत्रों/संयंत्रों/उपस्कर जहाँ है, जो भी है, जैसे भी है, के आधार पर निलामी सम्पन्न होगी।
3. निलामी में बोलीदाताओं की सुविधा हेतु निलामी सामग्रियों का ग्रुप सं0 के अनुसार सुरक्षित जमा राशि एवं अन्य संबंधित कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को कॉलम संख्या 05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि/ अग्रधन/प्रतिभूति की राशि दिनांक 22.09.2026 के अपराहन 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, मुंगेर के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। अग्रधन की राशि डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, मुंगेर (Executive Engineer, Ganga Pump Canal Divison, Munger) Payable at Munger के नाम से भुगतेय हो, जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में

Scanned with CamScanner

आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि स्वीकार नहीं किया जायेगा।

5. न्यूनतम निर्धारित मूल्य से कम की बोली लगाने की अनुमति नहीं होगी।
6. आवेदक के आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं घोषणा पत्र संलग्न करना होगा।
7. संलग्न घोषणा पत्र को परिशिष्ट A के अनुसार **Affidavit** रूप में समर्पित करना होगा।
8. निलामी की प्रक्रिया में जल संसाधन विभाग या इससे संलग्न/अधीन किसी भी कार्यालय के सरकारी पदाधिकारी/कर्मी भाग नहीं लेंगें।
9. निलामी में सफल बोलीदाता को निलामी की शेष राशि बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अगले तीन दिनों के अंदर कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर प्रमण्डल, मुंगेर के कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा विमुक्ति आदेश निर्गत किया जाएगा। उक्त अवधि के अन्तर्गत निलामी की राशि जमा नहीं करने पर अग्रधन एवं ब्याज राशि जब्त कर ली जाएगी एवं दूसरे नंबर पर आने वाले बोलीदाता को सफल माना जा सकता है। इस मामले में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
10. निलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी का उम्र कम–से–कम 18 वर्ष होना अनिवार्य है।
11. सफल बोलीदाता को अपनी लागत और जिम्मेदारी पर सात दिनों के अंदर सामग्रियों का उठाव कर लेना होगा अन्यथा इसकी जवाबदेही विभाग की नहीं होगी।
12. बिना कारण बताये किसी भी समय निलामी की प्रक्रिया रोकने/रद्द करने एवं अस्वीकार करने का निर्णय अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा तथा उनका निर्णय अंतिम होगा।
13. सफल बोलीदाता को अपने व्यय पर सामग्री का उठाव एवं परिसर का साफ–सफाई करना होगा।
14. असफल बोलीदाता को निलामी के सात दिनों के बाद आगामी कार्य दिवस में सुरक्षित जमा राशि वापस किया जाएगा।
15. निलामी में सफल बोलीकर्त्ता को नियमानुकूल सभी देय करों का भुगतान करना होगा।
16. निलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में दूरभाष संख्या 9162092837 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
गंगा पम्प नहर प्रमंडल, मुंगेर।

पत्रांकः–963/ मुंगेर, दिनांकः–02/09/2026

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना एवं प्रभारी आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं दो हिन्दी सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु0:– soft copy (PDF And M.S Word)

02/09/26
कार्यपालक अभियंता,
गंगा पम्प नहर प्रमंडल, मुंगेर।
02/9/26
Chaudhary 02/09/26

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट – 1

ग्रुप सं० - 01

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
1	Dressing table with mirror with stool	1 No.
2	Wooden almirah (6'x2'x1.6')	5 Nos.
3	Center table top sunmica (4'x2'x1.6')	5 Nos.
4	Cane garden chairs (6 Chairs + 1 table)	1 Set
5	Hindalian garden chair (1 set = 4 Chair)	2 Set
6	Dinning chair	6 Nos.
7	Sofa with dunlop cuson (2 Set) (3+1+1)	2 Nos.
8	Dinning table with 8 nos chair	1 No.
9	Gisser35 lit. capacity	2 Nos.
10	Steel almirah	1 Nos.
11	Steel Glass	5 Nos.
12	Danga (Small)	1 No.
13	Topia (Small)	1 No.
14	Steel jug	1 No.
15	Pressure cooker	1 No.
16	Gas Stove	1 No.
17	48" Usha celling fan	18 Nos.
18	Water filter	4 Nos.
19	Laltren	2 Nos.
20	Brass pichdani	2 Nos.
21	Alluminium topia with cover	2 Nos.
22	Tawa	1 No.
23	Sarsi	1 Nos.
24	Ketlie	1 No.
25	Karahi	1 No.
26	Sila + Lorha	1 No.
27	Towel stand (Wooden)	5 Nos.
28	Electric Motor pump 1 H.P.	1 No.
29	Alluminium pichdani	1 No.
30	Gas tandoor	1 No.
31	Gas petromex	1 No.
32	Steel trey	1 No.
33	Dinner set	2 Set
34	Juge	2 Nos.
35	Mug	6 Nos.
36	Water Purifier R.O.	1 No.
37	Godrej Refrigerator with voltage stabliser	1 No.
38	Ceiling fan	6 Nos.
39	Sunflam gas stove two burner	1 No.
40	Godrej chair CH-7	1 No.

Scanned with CamScanner

ग्रुप सं० - 02

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
1	Brick Tiles	527825 Nos.

ग्रुप सं० - 03

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
1	Brick Tiles	387825 Nos.

ग्रुप सं० - 04

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
1	Geo Bag	325 Nos.
2	NC (Nylon Crates/Bags)	20 Nos.
3	Gabion (1.8m x 1.8m x 0.5m)	50 Nos.

ग्रुप सं० - 05

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
1	wall farm panel (1000mmx500mm)	2 Nos.
2	Double adjustable panel(1250mmx300mm)	16 Nos.
3	Double adjustable panel(1000mmx300mm)	3 Nos.
4	Cross brass square size	26 Nos.
5	Single stagging steelm prop(1.5m ton 2.75m)	442 Nos.
6	80mm dia perforated pipe	600 m
7	200mm dia m.s. pipe	18 m
8	300mm dia m.s. bend	1 Nos.
9	2" dia A.C. pipe	90 feet
10	300mm dia pressure pipe	9 Nos.
11	8mm thick m.s.plate	5 Nos.
12	Boundary pillar	120 Nos.
13	1200 mm dia RCC H.P.	5 m
14	1200 mm dia RCC H.P.	2.5 m
15	600 mm dia RCC H.P.	25 m
16	300 mm dia RCC H.P.	9.6 m
17	80mm dia perforated pipe	602 m
18	200mm dia m.s. pipe	7 m
19	Brick tiles	106313 Nos.
20	900 mm dia RCC H.P.	2.5 m
21	S type bend 200mm with 1m long m.s.pipe	1 Nos.
22	S type bend 300mm with 1m long m.s.pipe	1 Nos.

Scanned with CamScanner

क्रमांक	समाग्रियों का नाम	समाग्रियों की सं०
23	S type bend 300mm with 250mm dia 1m long m.s.pipe	1 Nos.
24	Tee (150mmx150mm)	1 Nos.
25	Tee (3000mmx200mm)	1 Nos.
26	1200 mm dia RCC H.P.	102.5 m

JE 02/09/24

02/09/24

Executive Engineer
Ganga Pump Canal Division,
Munger

Scanned with CamScanner

परिशिष्ट – A

घोषणा पत्र

1. मैं...शपथ पूर्वक घोषित करता हूँ कि मैं जल संसाधन विभाग के किसी भी कार्यालय का सरकारी कर्मचारी या पदाधिकारी नहीं हूँ।
2. मैं घोषित करता हूँ कि मैं किसी भी वाद में सजायाफ्ता नही हूँ एवं मेरे उपर कोई प्राथमिकी दर्ज नही हैं।
3. मैं निलामी के सभी नियमों एवं शर्तों को पूर्ण करता हूँ। यदि मैं निलामी में सफल होता हूँ तो 03 (तीन) दिनों के अंदर बोली की संपूर्ण राशि जमा कर परिसर से निलामी की सामग्रियों का उठाव बिना किसी प्रकार के नुकसान के साफ–सुथरे तरीके से कर लूँगा।
4. यह कि मेरा कथन सत्य एवं सही है तथा किसी प्रकार की अनियमियता पाए जाने पर मेरे ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

Scanned with CamScanner